# नूरपुर क्षेत्र के 44 गांवों को नौगावां तहसील में जोड़े जाने का सर्वत्र विरोध

**कमलजीत सिंह 'नूर'**

**नूरपुर।** विधानसभा क्षेत्र के राजनैतिक, सामाजिक व गणमान्य व्यक्तियों ने शासन द्वारा ब्लाक क्षेत्र के 44 गांवो को अमरोहा जिले की नवसृजित तहसील नौगावां से जोड़े जाने पर आपत्ति की है।

पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह का कहना है कि जिन गांवों को नौगांवा तहसील से जोड़ा जा रहा है। वे गांव भाजपा समर्पित माने जाते हैं। विधानसभा नूरपुर में भाजपा को कमजोर करने की एक साजिश है। बिजनौर को राजस्व की भी हानि होगी।

पूर्व राज्यमंत्री हाजी कुतबुद्दीन अंसारी का कहना है कि इन गांवों को चांदपुर तहसील तथा ब्लाक नूरपुर से हटाना गलत है। अमरोहा जिले के गांवों से ही नवसृजित नौगांवा सादात तहसील बनाई जाए तो अच्छा होगा। समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव महावीर सिंह यादव का कहना है कि राजस्व प्रशासन को जनभावनाओं को ध्यान में रखकर ही गांवों को जोड़ने का काम करना चाहिए अमरोहा जाने से बहुत परेशानी होती है। क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र चौहान का कहना है कि गांवों को जोड़ने से पहले उस गांव के ग्रामीणों की सहमति लेनी चाहिए थी। अमरोहा जिले की तहसील के लिए बिजनौर जिले के नूरपुर क्षेत्र के 44 गांवों को लेना गलत है। वे ग्रामीणों के साथ हैं। चाहे इसके लिए कितना भी बड़ा आंदोलन करना पड़े। बसपा नेता गोहर इकबाल, इसरार नबी, काके रवि, ने भी शासन की इस पहल को गलत बताया हैं। उन्होंने कहा कि बसपा शासन में इन गांवों को मूल स्थिति में ही लाया जायेगा। युवा बसपा नेता ठाकुर आयुष चौहान ने कहा है कि नूरपुर तो स्वयं तहसील बनने की स्थिति में हैं। इसे नौगांवा सादात से जोड़कर उल्टी गंगा बहाई जा रही है। वे ग्रामीणो के साथ है। कौमी एकता दल के जिला अध्यक्ष अकबर नवी इदरीसी, भाजपा नगराध्यक्ष धर्मेन्द्र जोशी, हिन्दू जागरण मंच के जिला समन्वयक जितेन्द्र बैंस ने भी शासन द्वारा 44 गांवों को नौगांवा सादात से जोड़े जाने को गलत कदम बनाया है।

## दौलतपुर बिल्लौच बन सकता है थाना और जमना ब्लाक

**नूरपुर।** जनपद अमरोहा में नूरपुर क्षेत्र के 44 गांवों को जोड़कर बनाई जा रही नौगांवा सादात तहसील में नूरपुर थाने की पुलिस चौकी दौलतपुर बिल्लौच को अमरोहा जिले का सीमावर्ती थाना तथा जमना को विकास खण्ड बनाया जा सकता है। जमना बसेड़ा जो कि नौगांवा सादात थाने का सर्वाधिक आबादी का गांव है। इस गांव के ग्रामीण ब्लाक बनाने के लिए जमीन भी देने को तैयार हैं। इस गांव में नौगांवा के लिए जमीन भी देने को तैयार हैं। इस गांव में नौगांवा के तहसील बनने पर खुशी है। अमरोहा इस गांव से दूर है। उधर नूरपुर थाने की पुलिस चौकी दौलतपुर जो कि मुरादाबाद रोड पर है तथा 44 गांवों में से 20 गांवों का संबंध इस चौकी से है। इस पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मियों के आवास भी बन कर तैयार हो चुके हैं। माना जा रहा है कि इस पुलिस चौकी को सीमावर्ती थाना बनाया जायेगा।

## नौगावां में ये गांव होंगे शामिल

**नूरपुर।** गौहावर हल्लू, गौहावर जैत, रहटा बिल्लौच, नंगली जाजू, पथवारी बसंतपुर, कासमपुर बिल्लौच, अब्दुल्लानगर डांडा, पूरनपुर नंगला, खानपुर बिल्लौच, दौलतपुर, रहटी जागीर, हसनपुर, पूरनपुर स्याना, अब्दुल्लापुर दहाना, मुबारकपुर नवादा, सैदपुर माफी, चेलापुर, शिवाला कलां, आरजीभैंसा, नैनू नांगल, मुराहट, युसफा, शहबाजपुर, जुझैला, भैंसा, जाफरपुर, हुसैनपुर, इस्माइलपुर, शिवाला खुर्द, लोदीपुर मिलक, मोर मखदूमपुर।

## कड़ाके की ठण्ड के बावजूद ग्रामीणों ने जाम लगाया

**नूरपुर।** ब्लाक नूरपुर के 44 गांवों को अमरोहा जिले की नवसृजित नौगांवा सादात तहसील से जोड़े जाने की राजस्व विभाग की तैयारी के विरोध में ग्रामीणों ने कड़ाके की ठण्ड में मुरादाबाद रोड पर गौहावर चौराहे पर जाम लगा कर प्रदर्शन किया। गौहावर चौराहे पर क्षेत्र के गौहावर हल्लू, गौहावर जैत, नंगली जाजू, अब्दुल्ला नगर डांडा, सैदपुर माफी, चेलापुर, दौलतपुर बिल्लौच, पूरनपुर नंगला सहित लगभग एक दर्जन गांव के व्यक्ति एकत्रित हुए और मुरादाबाद रोड पर जाम लगा कर सभा की गई, जिसमें रोहिताश सिंह, जबर सिंह, अशोक कुमार, किरनपाल सिंह, राजीव कमुार, नत्थू सिंह, निहाल सिंह, कपिल कुमार आदि ने कहा कि शासन द्वारा नवसृजित तहसील नौगांवा सादात में ब्लाक नूरपुर के 44 गांवों को जोड़ा जाना क्षेत्र के भौगोलिक, यातायात दृष्टिकोण से बिल्कुल गलत है। अमरोहा जिले के गांवों से ही नवसृजित तहसील नौगांवा बनाई जानी चाहिए। जाम की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि उनकी मांग को शासन तक पहुंचवा दिया जायेगा। ग्रामीणों ने उन्हें जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया।

**प्रयोगात्मक परीक्षा :** चांदपुर के एमएम इण्टर कालेज के हाईस्कूल व इंटर के पंजीकृत छात्रों की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की आतंरिक परीक्षा 12 जनवरी को प्रात: 10 बजे से कालेज में सम्पन्न होगी। प्रधानाचार्य अफजाल अख्तर ने यह जानकारी देते हुए समस्त परीक्षार्थियों से समय पर कालेज पहुंचने को कहा है।



सुबह की सैर सड़कों पर जानलेवा हो सकती है। समाधान है जनपद का प्रथम

Telebrand fitness showroom

जहां पर फिटनेस से सम्बंधी अनेक अत्याधुनिक प्रोडक्टस **विशेष ऑफर** के साथ उपलब्ध हैं।

*किश्तों की सुविधा भी उपलब्ध।*

TELEBrands

Products for life...

हमारे यहां कम्पनी के टेक्नीशियनों द्वारा रिपेयर एवं सर्विस भी उपलब्ध है।

SuperStockist: U.P. & U.K.:-ओम सांई ट्रेडर्स

B.S.A. ऑफिस के सामने, महादेव काम्प्लेक्स, बैराज रोड, बिजनौर

फोन:- 265780, 9927388780, 9412713449, 8273520165

प्रो. चौ. विजयपाल सिंह, विशाल चौधरी किरतपुर वाले

# हीमपुर दीपा पुलिस पर पीड़िता के घर तोड़फोड़ का आरोप

## जिला कल्याण समिति ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन




**बिजनौर।** कल्याण समिति की बैठक में भवानीपुर गंगरैन मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा की जा रही जांच के दौरान ही हीमपुर दीपा पुलिस द्वारा पीड़िता के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया गया तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

समिति की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नसीम बानो के काजीपाड़ा स्थित आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सरिता सैनी ने कहा कि पुलिस महिला सुरक्षा कानून का दुरुपयोग तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रही है। संजय सिंह की अध्यक्षता व आनन्द स्वरूप के संचालन में आयोजित बैठक में मुकेश सैनी, राजेश बाल्मीकि, सुशील कुमार शर्मा, अनीस अहमद, बलवंत सिंह, लोकेन्द्र सिंह, अरविन्द कुमार ईरम परवीन, गुलशन बानो, शाहीन परवीन, संजय सिंह, भूदेव सिंह, राहुल चौधरी, आशु चौधरी, भूदेव सिंह प्रधान अदि ने भी विचार व्यक्त किये।

## ज्ञापन पर कोई कार्रवाई न होने पर रोष जताया

बिजनौर। आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के जिला संयोजक मो. ताबिश तथा विधान सभा क्षेत्र प्रभारी मो. शुऐब ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उनकी और से 20 दिन पहले जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर ग्राम मुकरपुर खेमा उर्फ बुखारा स्थित इरशाद कालोनी में विकास कार्य कराने तथा ग्राम प्रधान व सेक्रेट्री के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। आप कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर अभी भी कार्रवाई नहीं की गई तो डीएम कार्यालय के सामने भूख हड़ताल की जायेगी। उनका कहना है कि इरशाद कालोनी में ग्राम पंचायत द्वारा कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान सरिता देवी तथा सेक्रेट्री अजेंद्र कालोनी की उपेक्षा कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आम आदमी पार्टी आंदोलन को मजबूर होगी। आप कार्यकर्ताओं का कहना है कि गांव की जनता उनके साथ है।

HONDA
The Power of Dreams



मन कर देंगे मगन

HONDA

सबडीलर चाहिये

| होंड का विश्व मे स्थान | |
|---|---|
| जापान | नं0 1 |
| वियतनाम | नं0 1 |
| इन्डोनेशिया | नं0 1 |
| थाईलैण्ड | नं0 1 |
| भारत | नं0 2 |

यदि आप विश्व की नं०1 और भारत की सबसे तेजी से बढ़ने वाली कम्पनी से जुड़ना चाहते हैं तो आवेदन के लिये शीघ्र ही नीचे लिखे पते पर सम्पर्क करें।

सबडीलर के लिये रिक्त स्थान:

शेरकोट, बढ़ापुर, पुरैनी



होंडा है HONDA

अधिकृत विक्रेता:
अशोका होण्डा
नहटौर बाईपास, नगीना चौक, धामपुर (बिजनौर)
01344-230984, 9917470984, 8191801075